# 70 हजार करोड़ की योजनाओं की शुरुआत, प्रधानमंत्री आमंत्रित

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 3 जून को, तैयारी तेज

## निवेश

**03** लाख करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव आज धरातल पर

**4.68** लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पहले मिले थे

लखनऊ। विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में आगामी तीन जून को तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा अडानी समूह, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हीरानंदानी समूह, बिरला ग्रुप, आईटीसी ग्रुप सहित तमाम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कम्पनियों के चेयरमैन, सीईओ, निदेशक भी शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को इस आयोजन की तैयारियों के संबंध में औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश, देश में औद्योगिक निवेश के श्रेष्ठतम गंतव्य के रूप में राष्ट्रीय पटल पर उभर कर आया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की राष्ट्रीय रैंकिंग में 2017 तक 14वें स्थान पर रहने वाला उत्तर प्रदेश आज द्वितीय पायदान पर है। अब इस रैंकिंग में प्रथम स्थान पर आने के लक्ष्य के साथ टीम यूपी को काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले यूपी इन्वेस्टर समिट में 4.68 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव हमें मिले थे। इनमें से 03 लाख करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव आज धरातल पर साकार हो रहे हैं। अब यह तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' की आकांक्षाओं को उड़ान देने वाला होगा। सेरेमनी के लिए इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी नामित करते हुए सीएम ने कहा कि समारोह में निजी संस्थाओं, कंपनियों के साथ-साथ सरकारी निवेश कार्यक्रमों को भी शामिल किया जाए। यूपी में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट नवंबर में कराने की तैयारी है।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कोविड नियंत्रण से संबंधित टीम-9 की बैठक की अध्यक्षता की और अफसरों को मास्क के बारे में जरूरी निर्देश दिए।

### ये परियोजनाएं शुरू होंगी

इस बार 70,000 करोड़ से अधिक की 1500 परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इनमें नोएडा में प्रस्तावित अडानी समूह की 4900 करोड़ और हीरानन्दानी समूह के 9100 करोड़ के निवेश वाले दो डाटा सेंटर, माइक्रोसॉफ्ट की 2100 करोड़ के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर, मिर्जापुर में डालमिया ग्रुप के 600 करोड़ की सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, हमीरपुर में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का डिटर्जेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शामिल है।